>

Title: Need to expedite construction of Majhgay dam project in Madhya Pradesh.

श्री विष्णु दत्त शर्मा (खजुराहो): मेरे संसदीय क्षेत्र खजुराहो तथा बुन्देलखण्ड (मध्य प्रदेश) में पेयजल एवं सिंचाई जल की गंभीर समस्या है । इसका प्रमुख मझगांय परियोजना का पूर्ण न हो पाना है । महोदय, इस परियोजना में 1 कि.मी. की एक कैनाल केन नदी पर बने बरिहारपुर डैम से मझगांय बांध में आयेगी । जमीन मध्य प्रदेश व मेरे संसदीय क्षेत्र की होने के बावजूद आधिपत्य उत्तर प्रदेश सरकार का है जिसकी स्वीकृति उत्तर प्रदेश सरकार नहीं दे रही है । और केन नदी मध्य प्रदेश की होने के बावजूद इसके पानी का पूर्ण उपयोग रनगाव व बरियापुर बांध की माध्यम से उत्तर प्रदेश कर रहा है । यदि 1 कि.मी. कैनाल की स्वीकृति दी जाती है तो मझगाय डैम से पानी आयेगा जिससे मेरे संसदीय क्षेत्र पन्ना व अन्य क्षेत्रों की सैंकड़ों गांवों के लोगों को इसका सीधा-सीधा लाभ पेय जल व सिंचाई के लिए मिलेगा और हजारों एकड़ भूमि सिंचित हो जाएगी जिससे वहां के किसानों को कृषि करने में सहायता मिलेगी जिससे उनके जीवन में भी सुधार आएगा ।

अतः माननीय मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि इस मझगाय डैम में पानी लिफ्ट करने के लिए 1 कि.मी. की लिंकिंग कैनाल की अनुमति उत्तर प्रदेश सरकार से दिलायी जाए तथा परियोजना को जल्द से जल्दी पूरा किया जाए और मेरे क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ मिल सके ।